डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई - 42

प्रतिवेदन - महात्मा हंसराज जयंती समारोह

"सच्ची करुणा का अर्थ न केवल दूसरे के दर्द को महसूस करना है,बल्कि इसे दूर करने में मदद करने के लिए प्रेरित होना भी है।"

डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल चेन्नई में 18 अप्रैल 2023 को प्रख्यात शिक्षाविद और समाज सुधारक महात्मा हंसराज की 159वीं जयंती बड़े उमंग और उत्साह के साथ मनाई गई। महात्मा हंसराज डी.ए.वी. आंदोलन के अग्रणी थे, जिन्होंने अपना पूरा जीवन समाज के उत्थान और शिक्षा की बेहतरी के लिए समर्पित कर दिया।

इस मौके पर विशेष हवन और कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के सदस्यों और छात्र - छात्राओं द्वारा महान आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आठवीं कक्षा की तेजस्विनी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया और हंसराज जी के संघर्षपूर्ण जीवन और सहानुभूतिपूर्ण स्वभाव के बारे में भी जानकारी दी। छठी कक्षा के छात्रों ने महात्मा हंसराज के जीवन इतिहास पर अपने विचार व्यक्त किए। तत्पश्चात कक्षा सातवीं के छात्रों ने आर्य समाज के दस नियमों को विस्तार से समझाया। आठवीं कक्षा के विदयार्थियों ने हंसराज जी के मानवतावाद, समर्पण और बलिदान पर एक नाटक प्रस्तुत किया, जिसने उन्हें वास्तविक अर्थों में एक सच्चा आर्य और महात्मा बना दिया।

महात्मा हंसराज जी के जीवन मूल्यों और डी.ए.वी. आंदोलन में उनके योगदान पर प्रधानाचार्या जी का विद्यार्थियों के साथ परस्पर संवादात्मक सत्र उत्सव का मुख्य आकर्षण था। कक्षा सातवीं से बारहवीं के विद्यार्थियों ने 'ओम नाम का जाप करो' भजन की सुंदर प्रस्तुति दी, जिसमें विद्यालय का वातावरण भक्ति से सराबोर हो गया। आठवीं कक्षा की नित्यश्री ने सभी का आभार व्यक्त किया। विद्यार्थियों ने महात्मा हंसराज के पदचिह्नों पर चलते हुए एक सच्चा आर्य बनकर करुणा, प्रेम और परोपकार के प्रतीक होने की शपथ ली। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ से हुआ।

डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई - 42

महात्मा हंसराज जयंती समारोह

यज्ञ गीत गाती हुई प्रधानाचार्या जी

'ओम नाम का जाप करा' भजन की सुंदर प्रस्तुति

आर्य समाज के दस नियमों की व्याख्या

मानवतावाद, समर्पण और बलिदान पर प्रेरणादायक नाटक

महात्मा हंसराज के जीवन इतिहास पर अपने विचार व्यक्त करते हुए छात्रगण